..❶ सरलता, श्रेष्ठता और सहनशीलता...

..❷ इन तीन बातों में से कोई एक भी ठीक रीति धारण है तो दर्पण स्पष्ट है। अगर एक भी बात की कमी है तो दर्पण पर भी कमी का दाग दिखाई देगा।

..❸ सभी प्रकार से सरलता भी हो, सहनशीलता भी हो और श्रेष्ठता भी हो... साधारणता न हो।

..❹ अपने चेहरे पर, वाणी पर सरलता को धारण करो। अगर साधारणता है तो उसे श्रेष्ठता में बदली करो और हर कार्य में सहनशीलता को सामने रखो।

प्रश्न 2 :- अव्यक्त स्थिति का अनुभव कैसा होता है?

उत्तर 2 :- अव्यक्त स्थिति का अनुभव बहुत कमाल का होता है...

..❶ अगर एक सेकंड भी अव्यक्त स्थिति का अनुभव होता है तो उसका असर काफी समय तक रहता है।

..❷ यह अनुभव बहुत बहुत पॉवरफुल होता है।

..❸ जितना हो सके उतना अपना समय व्यक्तभाव से हटाकर अव्यक्त स्थिति में रहना है।

अव्यक्तमूर्त / प्रयत्न / स्लोगन

4 स्नेह को _____ और ______ को प्रत्यक्ष करो। सभी समाया हुआ है सिर्फ प्रत्यक्ष करना है। अपने कल्प पहले के समाये हुए ________ को प्रत्यक्ष करना है।

गुप्त / समानता / संस्कारों

5 जितना ईश्वरीय बन्धन में बंधेंगे उतना ________ से छूटेंगे। जितना वह कर्म बन्धन _____ है उतना ही यह ईश्वरीय बन्धन को भी पक्का करो तो वह बन्धन ______ कटेगा।

कर्म बन्धन / पक्का / जल्दी

सही गलत वाक्यो को चिन्हित करे:- 【✓】 【✕】

1 :- संकल्पों को कैच करने की प्रैक्टिस होगी तो अव्यक्त स्थिति भी सहज बन सकेगी। 【✖】

संकल्पों को कैच करने की प्रैक्टिस होगी तो संकल्प रहित भी सहज बन सकेगें।

